No. of Printed Pages : 10 **BCD–106**

# CERTIFICATE IN EARLY CHILDHOOD SPECIAL EDUCATION ENABLING INCLUSION INTELLECTUAL DISABILITY (CESEIID)

## Term-End Examination

## June, 2026

## BCD-106 : FOUNDATION OF EARLY CHILDHOOD DEVELOPMENT AND DISABILITY-INTELLECTUAL DISABILITY

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note*** *: (i) Attempt any* ***five*** *questions.*

*(ii) All questions carry equal marks.*

1. (a) Define the term ‘sensory capabilities’. Describe the impact of intellectual disability on any *two* sensory capabilities of the children. 2+4+4

   (b) Discuss any *two* principles of development giving examples. 5+5

2. (a) Explain the term ‘heredity and environment’ with respect to any *one* area of development. Explain how their interaction influences development. 4+6

   (b) Define the term ‘concepts’. Discuss any *two* factors that lead to challenges in concept development in children with intellectual disability. 2+4+4

3. (a) Discuss any *four* factors that determine the impact of child's disability on family. 5+5

(b) Write about any *two* misconceptions regarding children with disabilities and state the corresponding facts. 5+5

4. (a) Differentiate between inclusive education, special education and integrated education, highlighting the salient features of each. 4+4+4

(b) What steps need to be taken to transform a regular school into an inclusive school ? 8

5. (a) Define Play. Why should play be considered a medium of learning during early childhood years ? 4+8

(b) Explain any *two* ways in which you will modify play material and activities for children with intellectual disability. 8

6. (a) Explain any *five* strategies you will implement to make community space barrier-free. 10

(b) Name any *two* ministries of the Government of India involved in the welfare of children with disabilities. Discuss one scheme offered by each of these ministries for such children in India. 2+4+4

7. (a) Discuss any *four* benefits or concessions entitled to persons with disabilities in India. 4+4

(b) Discuss any *one* legislation and any *one* policy related to persons with disabilities in India. 6+6

# BCD–106

# प्रारंभिक बाल्यावस्था विशेष शिक्षा में प्रमाण-पत्र समावेशन को सक्षम बनाना-बौद्धिक अक्षमता (सी. ई. एस. ई. आई. आई. डी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

### बी.सी.डी.-106 : प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास तथा अक्षमता के आधार : बौद्धिक अक्षमता

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *(i) किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(ii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (क) संवेदी क्षमताएँ' (Sensory Capabilities) शब्द की परिभाषा दीजिए। बच्चों की बौद्धिक अक्षमता

(Intellectual Disability) का किन्हीं **दो** संवेदी क्षमताओं पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसका वर्णन कीजिए। 2+4+4

(ख) विकास के किन्हीं दो सिद्धांतों (Principles of Development) पर उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।

5+5

2. (क) 'वंशानुक्रम (Heredity) और वातावरण (Environment)' शब्द की व्याख्या कीजिए। विकास के किसी एक क्षेत्र के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए कि इन दोनों की परस्पर क्रिया (Interaction) विकास को किस प्रकार प्रभावित करती है ? 4+6

(ख) 'अवधारणाएँ' (Concepts) शब्द की परिभाषा दीजिए। बौद्धिक अक्षमता वाले बच्चों में अवधारणाओं के विकास में चुनौतियाँ उत्पन्न करने वाले किन्हीं **दो** कारकों पर चर्चा कीजिए। 2+4+4

3. (क) ऐसे **चार** कारकों पर चर्चा कीजिए जो यह निर्धारित करते हैं कि किसी बच्चे की अक्षमता/विकलांगता परिवार को किस प्रकार प्रभावित करती है ? 5+5

(ख) विकलांग बच्चों से सम्बंधित किन्हीं **दो** भ्रांतियों (Misconceptions) का उल्लेख कीजिए और उनके यथार्थ तथ्यों को स्पष्ट कीजिए। 5+5

4. (क) समावेशी शिक्षा (Inclusive Education), विशेष शिक्षा (Special Education) और एकीकृत शिक्षा (Integrated Education) में अन्तर स्पष्ट कीजिए तथा प्रत्येक की मुख्य विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 4+4+4

(ख) किसी साधारण विद्यालय को समावेशी विद्यालय (Inclusive School) में परिवर्तित करने के लिए किन-किन कदमों को उठाने की आवश्यकता है ? 8

5. (क) खेल (Play) की परिभाषा दीजिए। प्रारम्भिक बाल्यावस्था (Early Childhood Years) में खेल को अधिगम (Learning) का माध्यम क्यों माना जाना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए। 4+8

(ख) बौद्धिक अक्षमता वाले बच्चों के लिए खेल की सामग्री तथा गतिविधियों में आप किन **दो** प्रकार के परिवर्तन करेंगे ? यह समझाइए। 8

6. (क) सामुदायिक स्थलों (Community Spaces) को बाधा-रहित (Barrier-Free) बनाने के लिए आप कौन-सी **पाँच** रणनीतियाँ अपनाएँगे ? स्पष्ट कीजिए। 10

(ख) भारत सरकार के विकलांग बच्चों के कल्याण से जुड़े **दो** मंत्रालयों (Ministries) के नाम लिखिए। इन मंत्रालयों द्वारा विकलांग बच्चों के लिए उपलब्ध किसी **एक-एक** योजना (Scheme) पर चर्चा कीजिए। 2+4+4

7. (क) भारत में विकलांग व्यक्तियों को प्रदत्त किन्हीं **चार** लाभों या रियायतों (Benefits/Concessions) पर चर्चा कीजिए। 4+4

(ख) भारत में विकलांग व्यक्तियों से सम्बन्धित किसी **एक** अधिनियम (Legislation) और किसी **एक** नीति (Policy) पर चर्चा कीजिए। 6+6

× × × × ×